तापमान
अधिकतम 30 .4 डिग्री
न्यूनतम 7 .4 डिग्री

हरिभूमि
जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 8 मार्च 2025

10 शानदार प्रस्तुतियों से जमकर लूटी वाहवाही

10 जलभराव को लेकर हरकत में दिखे अफसर

खबर संक्षेप

देशी कट्टा व जिंदा रौंद सहित युवक गिरफ्तार

अंबाला। थाना साहा के फुलेल माजरा रोड से अवैध हथियार रखने के मामले में सीआईए-2 आरोपी दिनेश पाल उर्फ देशी को अवैध देशी कट्टा व एक जिंदा रौन्द के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को दो दिन के रिमांड पर लिया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार लेकर थाना साहा क्षेत्र मिट्ठापुर फुलेल माजरा रोड पर खड़ा है। वह किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरांत पुलिस ने रेड कर आरोपी को काबू कर लिया। पुलिस ने उसके कब्जे से अवैध हथियार जब्त किया गया।

अफीम के 56 हरे पौधे उगाने वाला गिरफ्तार

अंबाला। थाना बराडा क्षेत्र के गुरूदेव मोहल्ला से पुलिस ने अफीम के पौधे उगाने के मामले में आरोपी पंकज कुमार को काबू किया है। पुलिस ने मौके से 56 हरे पौधे अफीम जिनका कुल वजन 2 किलो 418 ग्राम भी जब्त किए हैं। अब अदालत ने आरोपी को जेल भेज दिया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी पंकज कुमार ने बिना अनुमति के गुरूदेव मोहल्ला में अपने घर के पास पड़ोसी के प्लाट में अफीम के पौधे उगा रखें है। पुलिस को सूचना यह भी थी कि आरोपी इन पौधो को जल्दी ही खुर्द-बुर्द कर सकता है। सूचना उपरांत पुलिस ने तुरंत ने मौके पर रेड कर सभी पौधों को जब्त किया। इसके बाद आरोपी पंकज कुमार को काबू कर उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

कमानीदार चाकू सहित आरोपी गिरफ्तार

अंबाला। थाना पड़ाव क्षेत्र से अवैध हथियारों की तस्करी के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी नितिन को कमानीदार चाकू सहित गिरफ्तार किया है। सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी अवैध हथियार कमानीदार चाकू लेकर बस स्टैंड अम्बाला छावनी के पास खड़ा है। जो किसी भी अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना उपरान्त सीआईए-2 ने रेड कर आरोपी को काबू किया। तलाशी लेने पर ही पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक कमानीदार चाकू जब्त किया था।

200 ग्राम चरस समेत तस्कर को किया काबू

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने शाहपुर गांव के पास स्थित कृष्णा ढ़ाबा पर नशा तस्कर संदीप पुत्र हुकमी निवासी गांव खरकरामजी जिला जींद को 200 ग्राम चरस नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ थाना इसराना में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज करवाया गया है।

अपहरण के आरोपी को काबू कर रिमांड पर लिया

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने सिवाह के पास जीटी रोड स्थित होटल मून से उत्तराखंड निवासी युवक व उसके ड्राइवर का अपहरण करने मामले में मुख्य आरोपी विश्वजीत उर्फ विशु निवासी गांव गोली जिला करनाल को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट से रिमांड पर लिया है। सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि इस मामले में थाना औद्योगिक सेक्टर 29 में दीपक की शिकायत पर केस दर्ज है।

एटीएम कार्ड बदलकर ठगी का आरोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए टू पुलिस टीम ने शिव चौक पर स्थित कैनरा बैंक के एटीएम में पैसे निकालने आए युवक का एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाले आरोपी सोनू पुत्र धर्मसिंह निवासी दीदार नगर कुरूक्षेत्र को गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर फूल कुमार ने बताया कि ठगी की उक्त वारदात बारे थाना मॉडल टाउन में कृष्णा नंदन पुत्र इंद्रदेव निवासी राज नगर की शिकायत पर केस दर्ज है।

अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग सक्रिय

चूना पत्थर से लदा डंपर जब्त गैर कानूनी तरीके से ढुलाई

डीसी ने सभी जांच टीमों को कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा

- हर माह अवैध खनन को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

अंबाला। जांच टीम द्वारा जब्त किया गया डंपर। फोटो: हरिभूमि

अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए खनन विभाग तथा पुलिस विभाग सक्रियता से कार्य कर रहे है। खनन निरीक्षक सोनू ने बताया कि बीते रोज नारायणगढ़-अंबाला मुख्य मार्ग पर खनन एवं पुलिस विभाग की टीम ने एक डंपर को पकड़ा जिसमें चूना पत्थर (लाइम स्टोन) को अवैध ढुलाई कर ले जाया जा रहा था।

जांच टीम ने नियमानुसार कार्रवाई करते हुए वाहन को जब्त किया है। खनन निरीक्षक सोनू ने बताया कि हरियाणा खनन एवं भू-विज्ञान विभाग के महानिदेशक के. मकरंद पांडुरंग के निर्देशानुसार प्रदेश में अवैध खनन तथा खनिज परिवहन को लेकर लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में नारायणगढ़ उपमंडल में भी लगातार खनन की गतिविधियों पर पूर्ण अंकुश लगाने को लेकर औचक निरीक्षण करते हुए जांच टीमें फील्ड में रहकर निरंतरता में कार्रवाई कर रही हैं।

इसी कड़ी में नारायणगढ़-अंबाला मुख्य मार्ग पर खनन एवं पुलिस विभाग की टीम ने एक डंपर को पकड़ा। जांच के दौरान डंपर से चूना पत्थर (लाइम स्टोन) को जब्त किया गया। जांच के दौरान पता चला कि चालक गैरकानूनी तरीके से चूना पत्थर की ढुलाई कर रहा था। इसी आधार पर जांच टीम ने डंपर को जब्त कर लिया। उन्होंने यह भी बताया कि उपायुक्त अजय सिंह तोमर हर माह बैठक लेकर अवैध खनन को लेकर की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की जा रही है। डीसी ने सभी जांच टीमों को कहा कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाशत नहीं किया जाएगा। अवैध खनन को लेकर यदि किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

होगी कार्रवाई

डीसी ने कहा कि अवैध खनन को लेकर यदि किसी की भी संलिप्तता पाई जाती है तो नियमानुसार कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जांच टीम में माइनिंग गार्ड रिंकू, फकीर चंद, एएसआई प्रदीप तथा ईएचसी यशपाल अहम भूमिका निभा रहे हैं।

चोरी के 26 मोबाइल फोन के साथ चार युवकों को किया काबू

अंबाला। अंबाला कैंट रेलवे स्टेशन पर जीआरपी पुलिस ने चार युवकों को पकड़ा। चेकिंग के दौरान उनके पास से 26 मोबाइल फोन जब्त किए गए हैं। युवकों ने बताया है कि ये सभी मोबाइल चोरी के हैं। चोरी करने के बाद वे इन मोबाइलों को अंबाला के बाहर बेचने जा रहे थे। इस दौरान जीआरपी ने उन्हें पकड़ लिया। एएसआई अजय कुमार ने बताया कि गुरुवार दोपहर वह अपनी टीम के साथ स्टेशन पर चेकिंग कर रहे थे। इस दौरान वहां चार युवक नजर आए। पूछताछ करने पर युवक जीआरपी के सवालों का जवाब नहीं दे पाए। जीआरपी की टीम ने युवकों की चेकिंग की तो उनके पास से चोरी के 26 मोबाइल बरामद हुए। जीआरपी ने साइबर पुलिस के सहयोग से सभी फोन के असली मालिक तक पहुंचने का प्रयास शुरू कर दिया है।

- शहर के बाहर चोरी के मोबाइल बेचने जा रहे थे आरोपी

इधर, चारों युवकों को पकड़ लिया गया है और उनके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। सभी को जेल भेज दिया गया है। युवक अंबाला से यह मोबाइल चुरा कर लाए थे। उनको अच्छे दामों पर बेचने के लिए वह अंबाला से बाहर जाने की फिराक में थे कि तभी जीआरपी द्वारा उनको पकड़ लिया गया।

नहर में फेंकी बच्ची का शव भाखड़ा से बरामद

तरावड़ी। पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। फोटो: हरिभूमि

- आरोपी कलयुगी पिता को पहले ही किया जा चुका है गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुरुक्षेत्र/तरावड़ी

कलयुगी पिता द्वारा कुरुक्षेत्र में नहर में सात दिन पहले फेंकी गई 7 वर्षीय आंचल बच्ची का शव तरावड़ी के गांव सांभी के नजदीक भाखड़ा से बरामद किया गया है। कुत्तों के नोचने से आंचल का चेहरा क्षत विक्षत हालत में मिला है। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और गोताखोर टीम को भी बुलाया गया है।

घटना की जानकारी देते हुए चश्मदीद ने बताया कि आज सुबह वह नहर के पास से जा रहा था तभी नहर के किनारे कुत्तों का झुंड शव को नोंच रहा था। पास जाकर देखा तो एक बच्ची का शव था, जिसने स्कूल की वर्दी पहनी थी। तुरंत आसपास के लोगों को बुलाया और मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंचे निगदू पुलिस के जांच अधिकारी ने बताया 1 मार्च को ललित नाम के व्यक्ति ने अपनी 7 साल की बेटी को नहर में फेंक दिया था। जिसके बाद मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया था। बच्ची की तलाश गोताखोर और पुलिस की टीमें लगातार कर रही थी। आज बच्ची के शव को नहर से बरामद किया गया है।

शव का पोस्टमार्टम करवाकर बच्ची के शव का संस्कार किया जाएगा। पुलिस जांच अधिकारी ने बताया घरेलू कलह के चलते पिता ने वारदात को अंजाम दिया है। आरोपी पिता को गिरफ्तार कर जेल में भेज दिया गया है।

पत्नी ने मांगी आरोपी पति के लिए फांसी

आरोपी की पत्नी शांति देवी ने कहा कि आरोपी पति को फांसी की सजा होनी चाहिए। यह पहले भी बच्चों को मारने की कोशिश कर चुका है।

रंजिश के चलते मां-बेटे समेत तीन पर जानलेवा हमला

यमुनानगर। शहर के कमानी चौक स्थित हरिनगर कॉलोनी में दर्जन भर युवकों ने मां-बेट पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया। जिनका इलाज अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने घायलों की शिकायत पर पांच आरोपी युवकों को नामजद करते हुए 10 अन्य के खिलाफ केस दर्ज लिया है।

हरिनगर निवासी सौरव गुप्ता ने बताया कि उसका कुछ दिन पहले उसका मन्नी व राम के साथ किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया था। उस समय अन्य लोगों ने समझा कर मामला शांत करवा दिया था मगर उसके बाद से आरोपी उससे रंजिश रखने लगे। पांच मार्च को रात साढ़े नौ बजे वह अपने दोस्त के साथ किसी काम से जा रहा था। इस दौरान आरोपी मन्नी व राम ने अपने साथियों हन्नी, राजू नेपाली, अटल व 8-10 अन्य दोस्तों के साथ उन दोनों को रास्ते में रोक लिया। इस दौरान आरोपियों ने उन पर ईंटों व लोहे के पाइप से हमला कर दिया। शोर सुनकर जब उसकी मां मौके पर पहुंची तो आरोपियों ने उसे भी पीटकर घायल कर दिया। आजाद नगर निवासी राकेश कुमार ने बताया कि उनकी कॉलोनी के ही सोनू, नेकपाल, गौरव, अनिल कुमार, रामतीर्थ व टीटू ने रंजिश के चलते उसे व उसके भाई रवि कुमार, दीन दयाल व घर की औरतों के साथ मारपीट की। जिससे वह घायल हो गए। शोर सुनकर जब अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

- पुलिस ने पांच आरोपियों को नामजद किया
- 10 अन्य आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू

समालखा में ट्रेन से कट कर अज्ञात युवक की मौत

समालखा। समालखा में दीवाना फाटक के पास रेलवे ट्रैक पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। युवक की मौत ट्रेन से कट कर हुई है और उसका शव पूरी तरह से क्षत विक्षत हालत में मिला।

घटना खलीला गांव के रास्ते पर रेलवे फाटक के नजदीक की है। फिलहाल युवक की पहचान नहीं हो सकी है। जीआरपी समालखा चौकी प्रभारी जसबीर ने बताया कि मृतक की उम्र लगभग 28 से 30 वर्ष के बीच है। उसके एक हाथ पर अंग्रेजी में 'संजय' लिखा है और बाजू पर बाज का टैटू बना हुआ है।

देसी गाय ने जीता 15 हजार का पुरस्कार

- 9 किलो 126 ग्राम दूध दिया जय भगवान रतनगढ़ की गाय ने

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिहोवा

राजकीय पशु चिकित्सालय अधोया के तहत पशु औषधालय ककराला गुजरान में दुग्ध प्रतियोगिता हुई।

पशुपालन विभाग के एसडीओ डॉ. सुरजीत सिंह कंडोला की अध्यक्षता में हुई इस प्रतियोगिता में पशुपालक जय भगवान रतनगढ़ ककराली की हरियाणा नस्ल की देसी गाय 9 किलो 126 ग्राम दूध देकर 15 हजार का पुरस्कार जीता। प्रतियोगिता पशुपालन एवं डेयरिंग विभाग की देसी गायों के संवर्धन एवं संरक्षण स्कीम के तहत करवाई गई थी। जिसका उद्देश्य पशुपालकों को देसी नस्ल के प्रति प्रोत्साहित करना था। इस मौके पर डॉ. आर्यन अधोया, डॉ. हरदीप सिंह मोहनपुर, राजपाल, संजीव, गौशाला प्रधान सोहन लाल, अभे राम, नेसी सुमेरपाल आदि मौजूद थे।

ईवीएम स्ट्रांग रूम का कैमरा मिला बंद, शिकायत करने के बाद जांच

- एसडीएम बोले, तेज हवा की वजह से बंद हो गया था कैमरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अंबाला

नगर परिषद के चुनावों को लेकर अंबाला छावनी के एसडी कॉलेज में बनाए गए ईवीएम स्ट्रांग रुम का कैमरा बंद हो गया। सुबह लगभग 7.30 बजे एसडी कॉलेज पहुंचे वार्ड 17 के आजाद प्रत्याशी चंद्र छिब्बड़ ने यह जानकारी दी।

उन्होंने बाकायदा इसकी शिकायत कैंट एसडीएम विनेश कुमार से की। मामला संज्ञान में आते ही उन्होंने तुरंत सहायक निर्वाचन अधिकारी सुनील कुमार को एसडी कॉलेज भेजा और मामले की जांच के निर्देश दिए। सहायक निर्वाचन अधिकारी ने जब कैमरों की जांच की तो इसमें से 10 नंबर कैमरा बंद मिला। जब इससे जुड़ी तकनीकी खामी देखी गई तो पाया कि तेज हवा के कारण कैमरे की तार हिल गई थी और इस कारण कैमरा बंद हो गया था।

उन्होंने प्रत्याशी को समझाया कि बाकी सभी कैमरे चल रहे हैं। जो कैमरा स्क्रीन पर बंद नजर आ रहा है, उसका बैकअप भी उनके पास है। इसके बाद मामला शांत हो गया। नगर परिषद अंबाला सदर के चुनाव दो मार्च को संपन्न हुए थे।

12 कैमरों से निगरानी

चुनावों के बाद यहां सभी 32 वार्डों की ईवीएम को स्ट्रांग रूम में जमा करवा दिया गया था जोकि अब 12 कैमरों की निगरानी में है। इसके लिए दो बड़ी स्क्रीन भी लगाई गई हैं। इसके अलावा दर्जनभर पुलिस कर्मचारियों की ड्यूटी भी यहां लगाई है। इसके अलावा यहां सिर्फ अधिकृत व्यक्ति के ही प्रवेश की अनुमति प्रदान की गई है। एसडीएम विनेश कुमार ने बताया कि हवा के कारण 10 नंबर कैमरा बंद हो गया था। इसे दुरुस्त करवा दिया गया है। मौके पर जाकर जांच की गई थी।

महिला को कार में अगवा कर किया दुष्कर्म

- आपत्तिजनक वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर की वायरल
- दंपति के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर अंबाला पुलिस को रेफर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ यमुनानगर

अंबाला की रहने वाली महिला को कार में अगवा कर दुष्कर्म करने तथा वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है।

पीड़िता ने घटना रादौर क्षेत्र की बताई है जबकि उसे अगवा अंबाला में ही किया गया। पीड़िता की शिकायत पर थाना रादौर पुलिस ने दंपती के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज केस को अंबाला ही ट्रांसफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार अंबाला की रहने वाली महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह पिछले साल 22 जून को किसी काम से सहारनपुर गई थी। वापस लौटकर जब वह अंबाला पहुंची तो कार सवार चार लोगों ने उसे जबरदस्ती कार में बैठा लिया और उसे लेकर रादौर आ गए। आरोप है कि रादौर में उसके साथ दुष्कर्म किया गया और फिर उसकी वीडियो बनाई गई। इसके बाद आरोपी उसे छोड़कर फरार हो गए। पीड़िता ने बताया कि इसके बाद आरोपियों ने उसे उसकी आपत्तिजनक वीडियो दिखा कर रुपये की डिमांड की। ऐसा न करने की उसने बहुत गुहार लगाई लेकिन आरोपी माने नहीं और अब उसकी वीडियो को सोशल मीडिया पर अपलोड कर वायरल कर दिया है। आरोपी दंपति के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को अंबाला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया गया है।

शादी का झांसा देकर युवती का यौन शोषण

यमुनानगर। जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी युवती को शादी का झांसा देकर युवक ने अंबाला ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी युवक के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को अंबाला पुलिस को ट्रांसफर कर लिया। जगाधरी की एक कॉलोनी निवासी 27 वर्षीय युवती ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी उत्तर प्रदेश के बरेली निवासी शील रतन बुद्ध के साथ जान पहचान थी। आरोपी उसे फोन पर बात करने लगा। इसके बाद आरोपी उसे शादी करने के लिए बोलने लगा। गत दो फरवरी को आरोपी ने उसे मिलने के लिए बुलाया। जब वह आरोपी को मिलने के लिए गई तो आरोपी उसे अंबाला लेकर गया। जहां आरोपी ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ दुष्कर्म किया। इसके बाद आरोपी उसे यमुनानगर लेकर आया। बाद में आरोपी ने उसे शादी करने से मना दिया। उसके बार-बार समझाने पर भी आरोपी शादी करने के लिए नहीं माना। परेशान होकर उसने आरोपी शील रतन बुद्ध के खिलाफ महिला पुलिस थाने में शिकायत दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जीरो एफआईआर दर्ज कर केस को अंबाला पुलिस को ट्रांसफर कर दिया।

- पीड़िता के समझाने पर भी शादी करने को तैयार नहीं हुआ युवक

एसडी कॉलेज में महिला कवि सम्मेलन आयोजित

महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक

- अभाव भरा जीवन जीने वाली स्त्रियों के हक में आवाज उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

पानीपत। एसडी कॉलेज में कवि सम्मेलन में भाग लेती कवियित्रियां।

एसडी पीजी कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला कवि सम्मेलन हुआ। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ दीप प्रज्वल्लित व मां सरस्वती की वंदना से किया गया। वहीं, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अंतर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच की दृष्टि एवं विख्यात व्यवसायी शालू रही। महिला काव्य मंच पानीपत इकाई के अध्यक्ष प्राची सिंगला विशिष्ट अतिथि रही।

मंच संचालन डॉक्टर संतोष कुमारी व मानवी ने किया।जबकि अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापिका व कवियित्री डॉक्टर संतोष कुमारी ने कहा कि महिला दिवस हम सशक्त महिलाओं द्वारा उन वंचित शोषित के वर्ग में डूबी अभाव भरे जीवन जीने वाली स्त्रियों के हक में आवाज उठाने का दिन होता है। समाज में यह संदेश देने का दिन होता है की महिला और पुरुष परस्पर विरोधी नहीं बल्कि एक दूसरे के पूरक है। उन्होंने दुनिया से विदा होती मासूमियत को वापस आने का न्योता दिया और समाज में महिला पुरुष दोनों को एक दूसरे का सहारा बनने का संदेश दिया। मतलौडा से पधारी डॉक्टर मंजू शर्मा ने सीता यशोदा की तपस्या का जिक्र किया तो प्रोफेसर मणि ने नाजुक लड़कियों की सुरक्षा का सवाल उठाया। प्रोफेसर कविता वजुगमती और शिवरानी ने अपनी ओजस्वी वाणी में महिलाओं की आवाज उठाई।

पुरुषों के पक्ष की बात की

सुश्री मानवी ने पुरुषों के पक्ष की बात की तो कंचन प्रभाती ने बदलते परिवेश में बदलते माहौल की बात की तो शालू गुप्ता ने संभ्रांत महिलाओं को अपने अधीनस्थ कर्मचारी महिलाओं के प्रति मानवता पूर्ण रवैया अपनाने के लिए कहा। कार्यक्रम में डॉ. संतोष कुमारी, प्रो. मानवी, प्रो. मानसी, प्रो. मनी, प्रो. कविता, प्रो. जुग्मतीआदि उपस्तिथ रहे।

आंगनबाड़ी का ताला तोड़कर चुराया राशन

यमुनानगर। सरस्वती नगर में चोरों ने आंगनबाड़ी केंद्र का ताला तोड़कर हजारों रुपये का राशन चोरी कर लिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

जानकारी के अनुसार सरस्वती नगर निवासी आंगनबाडी वर्कर ज्योति अग्रवाल व शशीबाला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह चार मार्च को आंगनबाड़ी से काम खत्म करके ताला लगाकर अपने घर चली गई थी। अगले दिन सुबह जब वह आंगनबाड़ी में पहुंचे तो ताला टूटा मिला।

जांच करने पर अंदर से दो क्विंटल गेहूं, एक क्विंटल चावल, दो कट्टे आटा, वाईफाई व अन्य सामान गायब मिला। उसने चोरी की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

विदेश भेजने के नाम पर ठगी के दोषी को जेल भेजा

पिहोवा। पुलिस ने कबूतरबाजी के मामलों पर नकेल कसते हुए विदेश भेजने के नाम पर लाखों रुपये की धोखाधडी करने के एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है।

थाना सदर पेहवा पुलिस ने खुशहाल शर्मा वासी माता गेट कैथल को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। 11 अक्टूबर को पुलिस को दी अपनी शिकायत में बलराम वासी खेडी शीशगरां ने बताया कि वह बेरोजगार है और विदेश जाना चाहता था। इस बारे में उसने नीरज शर्मा, खुशहाल शर्मा व राजेन्द्र शर्मा वासी कैथल तथा गैरी वासी गांव गादडी, कैथल से मुलाकात की जो विदेश भेजने का काम करते हैं। वो उसको ऑस्ट्रेलिया भेज देंगे जिसके लिए 11 लाख रुपए खर्च आएगें। उसे अपनी इनकम टैक्स रिर्टन भरनी होगी व उसके कुछ दस्तावेज बनवाने होगें। इसके बाद 16 अप्रैल को उसने आरोपी के द्वारा मांगे गये कागजात व करीब 65 हजार रुपये दे दिए। कुछ समय बाद उनके द्वारा दिए गये खाते में अलग-अलग तारीखों को करीब 9 लाख रुपये और जमा कर दिए। अब ना तो आरोपी उसका वीजा लगवा रहे हैं और ना ही उसके पैसे वापस कर रहे हैं।

- ऑस्ट्रेलिया भेजने के लिए 11 लाख में किया सौदा

आरोपी कैथल से दबोचा

21 जनवरी को मामले में सहायक उप निरीक्षक सिंगारा सिंह की टीम ने नीरज शर्मा, कैथल को गिरफ्तार कर लिया था। आरोपी से 20 हजार रुपये बरामद किये गए थे। 6 मार्च को टीम ने आरोपी खुशहाल शर्मा वासी कैथल को गिरफ्तार कर अदालत के आदेश से कारागार भेज दिया गया।

खबर संक्षेप

महिला सशक्तिकरण प्रगति की पहचान

तरावड़ी। एस.एम.एस. मेमोरियल पब्लिक स्कूल की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने विद्यालय की ओर से सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हर साल 8 मार्च को यह दिवस मनाया जाता है। जो हमें महिलाओं के अधिकारों, समानता और समाज में उनके योगदान को सम्मान देने के लिए समर्पित है।

तरक्की में महिलाओं का विशेष योगदान

करनाल। निर्भय फाउंडेशन सशक्त नारी संस्था की ओर से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन गुरु नानक पब्लिक स्कूल प्रेम नगर में किया गया। कार्यक्रम संस्था की अध्यक्ष मोनिका कपूर की देखरेख में हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में डा. निशा गुप्ता ने शिरकत की। दुनियाभर में हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की गई।

शारीरिक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता के बारे में बताया

करनाल। निफा वूमैन विंग (महिला प्रकोष्ठ) के द्वारा अन्तराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में श्रद्धानन्द आश्रम कर्णताल में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमें मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) करनाल ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रारम्भ संरक्षक अंजु शर्मा द्वारा मुख्यअतिथि को पुष्प गुच्छ दे कर किया गया। प्रधान डॉ. भारती भारद्वाज ने उनका स्वागत किया।

शिविर में विद्यार्थियों को दिए करियर संबंध टिप्स

घरौंडा। राजकीय महिला महाविद्यालय घरौंडा द्वारा बसताडा में डॉ महेंद्र सिंह बागी के मार्गदर्शन व कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह के कुशल नेतृत्व में चलाए जा रहे सात दिवसीय शिविर के दूसरे दिन गांव बसताड़ा के सरपंच सुरेश फौजी ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। कार्यवाहक प्राचार्य नरेश सिंह ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया उन्होंने छात्राओं को विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

अवैध कॉलोनी के विरूद्ध तोड़फोड़ की कार्रवाई

तरावड़ी। जिला नगर योजनाकार सतीश कुमार ने बताया कि कस्बा के गांव संधीर में एक अवैध कॉलोनी के विरूद्ध तोडफोड की कार्यवाही की गई जो कि लगभग एकड़ में फैली हुई थी जिसमें 10 डी.पी.सी. सीवर नैटवर्क ताकि कच्ची सडक़ों को धवस्त किया गया है। कार्यवाही के दौरान जिला नगर योजनकार व कार्यालय की टीम मौके उपस्थित रही।

73वें आल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर का राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने किया शुभारंभ

प्रतियोगिता में 35 टीमों के करीब 1100 खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

करनाल की मधुबन पुलिस एकादमी में आयोजित हो रही प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा है कि पुलिस के जवानों में अनुशासन की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर अनुशासन, शिष्टाचार और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारना चाहिये। अनुशासन की देश को महान बनाता है।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन में 73 वें आल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर का शुभारंभ अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों का अभिनंदन और आयोजन के लिए अधिकारियों को भी बधाई देते हुए कहा कि उच्च मनोबल व दृढ़ निश्चय से सभी कठिनाइयों को सामना किया जा सकता है। सफलता के लिए जीवन में धैर्य और अनुशासन जरूरी है। खेलों में भी ये जीत की पूंजी हैं। उन्होंने कहा कि खेल आपसी समझ को बढ़ावा देते हैं। इनसे सहयोग की प्रेरणा मिलती है। जीत के लिए जरूरी है कि खिलाड़ी निजी यश के लिये न खेले। खेलों से टीम व सहयोग की भावना से काम करने की शिक्षा मिलती है।

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर ने अखिल भारतीय पुलिस खेलों के महत्त्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन खेलों की शुरुआत 1951 में कटक से हुई थी। अब तक एचएपी में 18 अखिल भारतीय पुलिस खेलों का आयोजन किया जा चुका है। 73 वें आल इंडिया पुलिस वॉलीबॉल क्लस्टर के आयोजन के लिये एचएपी सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह गर्व का विषय रहा है कि खिलाडिय़ों को भारत सरकार द्वारा उत्कृष्ट उपब्धियों के लिये समय-समय पर 4 पदम श्री, तीन मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार, दो द्रोणाचार्य पुरस्कार, 26 अर्जुन पुरस्कार दिये जा चुके हैं। आलंपिक खेलों में हरियाणा पुलिस ने दो पदक, एशियन खेलों में 22 और अन्य अंतराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में 113, विश्व पुलिस खेलों में 100 पदक जीते हैं।

इस मौके पर हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ एएस चावला अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक केके राव रोहतक रेंज, अंबाला रेंज के आईजी शिबास कविराज, करनाल रेंज के आईजी कुलदीप सिंह, आयोजन सचिव ओमप्रकाश नरवाल, सोनीपत की पुलिस आयुक्त नाजनीन भसीन, पीटीसी सुनारिया के महानिरीक्षक शिवचरण, उप महानिरीक्षक सुरेंद्र पाल, उपायुक्त उत्तम सिंह, एसपी करनाल गंगाराम पूनिया, पानीपत के एसपी लोकेंद्र सिंह, कुरुक्षेत्र के वरूण सिंगला, पुलिस अधीक्षक एचपीए पुष्पा खत्री, पुलिस अधीक्षक कमांडो नेवल राजेंद्र मीणा आदि मौजूद रहे।

खेल सुनहरे भविष्य की गारंटी

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिये शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जरूरी हैं। आज खेल सुनहरे भविष्य और उज्ज्वल कैरियर की गारंटी बन गये है। भारत के खिलाड़ी खेलों में विश्व में परचम लहरा रहे हैं। हरियाणा ने भी खेलों में विश्व में नाम कमाया है। यह प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ खेल नीति का परिणाम है। प्रदेश खेलों का हब बन चुका है। बेटियां भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। श्री दत्तात्रेय ने कहा कि खेल व पुलिस एक-दूसरे के पूरक बन गये हैं। पुलिस बलों ने देश को अनेक प्रतिभाशाली खिलाड़ी दिये हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में 791 पुरुष और 297 महिला खिलाड़ी भाग ले रही हैं। इनमें अर्ध सैनिक बलों के खिलाड़ी भी शामिल हैं। राज्यपाल ने कहा कि प्रदेश में कई दशक पहले हरियाणा पुलिस में खेलों की शुरूआत की गई थी। यह गर्व की बात है कि 11 प्रतिभाशाली खिलाडियों को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्म द्वरा 17 जनवरी को सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस के जवानों में अनुशासन की भावना कूट-कूट कर भरी हुई है। युवाओं को भी इनसे प्रेरणा लेकर अनुशासन, शिष्टाचार और नैतिक मूल्यों को जीवन में उतारना चाहिए।

एक सजग समाज का निर्माण करने में महिलाओं की अहम भूमिका : रेनूबाला

करनाल। करनाल नगर निगम की निवर्तमान मेयर रेनू बाला गुप्ता ने कहा कि एक सजग समाज का निर्माण करने में महिलाओं की अहम भूमिका है। महिलाएं हर क्षेत्र में अग्रणीय भूमिका निभा रही है। वह आज करनाल में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला दिवस कार्यक्रम में बोल रही थी। इस कार्यक्रम का आयोजन मानवता जनशक्ति फाउंडेशन की महिला विंग ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीजेएम इरम हसन ने किया। दीप प्रज्वलित कर अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में करीब 50 से ज्यादा महिलाओं को सम्मानित किया गया। इन महिलाओं ने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर समाज को गौरवान्वित करने का काम किया। अपने उद्बोधन में सीजेएम इरम हसन ने कहा कि महिलाओं को खुद की क्षमताओं पर गौरव करना चाहिए। महिलाओं को अपने अधिकारों का दुरुपयोग नहीं करना चाहिए। यदि महिलाओं के साथ उत्पीडऩ हो रहा है तो उन्हें मुंह तोड़ जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा कि वह महिला उत्पीडऩ के खिलाफ है। इस अवसर पर उन्होंने सभी महिलाओं को अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और समाज में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया।

महिला सुरक्षा को लेकर हुआ पुलिस प्रशिक्षण

करनाल। हरियाणा पुलिस अकादमी, मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में 'महिला सुरक्षा' विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पुलिस अनुसंधान एवं विकास ब्यूरो, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित किया गया। हरियाणा पुलिस अकादमी के निदेशक डॉ अरशिन्दर सिंह चावला के निर्देश पर अकादमी के जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 22 पुलिस कर्मचारियों ने भाग लिया। डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक हरियाणा पुलिस अकादमी प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों से रू ब रू हुए तथा उन्होंने प्रतिभागियों के साथ समूह चित्र भी कराया। जिला उप-न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के परिवेश में महिलाएं किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। आज की नारी ने अबला से सबला बनने तक का जो सफर तय किया है, वो सफर आसान नहीं था।

एसडीएम ने शिक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

एसडीएम अशोक मुंजाल ने शहीद उधम सिंह राजकीय महाविद्यालय का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों से छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय मे दी जा रही सुविधाओं एवं शिक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली और कॉलेज में हो रही पढ़ाई एवं अन्य गतिविधियों के बारे भी पूछताछ की। इस दौरान उन्होंने पढाई से संबंधित छात्र-छात्राओं से बातचीत की। एसडीएम अशोक मुंजाल ने बताया कि स्कूल- कालेज में पढ़ाई के साथ-साथ अनुशासन भी बहुत जरूरी होता है। बच्चों में अनुशासन की भावना बहुत जरूरी है, क्योंकि शिक्षा और अनुशासन एक दूसरे के पूरक है, इसलिए अनुशासन में रहकर छात्र-छात्राओं को अच्छी तरह से शिक्षा दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में बनी लाइब्रेरी में सभी आवश्यक पुस्तकें जरूर हों ताकि छात्र लाइब्रेरी से पुस्तकें लेकर उन्हें पढ़ सकें। उन्होंने कहा कि कॉलेज में पढ रहे छात्र-छात्राओं को यह अवश्य सुझाव दें कि वे कॉलेज की पढ़ाई के बाद नशे जैसी बुराईयों से दूर रहें और ज्यादा से ज्यादा समाज व देश हित में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि कालेज में आने वाले छात्र-छात्राओं के लिए शौचालय, पीने का पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं बहुत जरूरी है।

एसडीएम ने महाविद्यालय का निरीक्षण कर लिया जायजा

इंद्री के एसडीएम अशोक मुंजाल को श्रीमद् भागवत गीता की पुस्तक भेंट करते प्रोफेसर प्रदीप वत्स। फोटो : हरिभूमि

महिला दिवस पर होगा प्रतिभाओं को सम्मान

करनाल। सारिका भाटिया चैरिटेवल ट्रस्ट द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आठ मार्च को देश की प्रदेश की जानी मानी महिलाओं को टिव्यूट करने के लिए रंगारंग कार्यक्रम गूंज का आयोजन मंगलसैन आडीटोरियम में शाम छह बजे से किया जाएगा। इस अवसर पर अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिला स्वयंसिद्धाओं को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम मे पंजाबी गायिका रमन रूमाना आकर्षण का केंद्र रहेंगी।इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी तथा करनाल के विधायक जगमोहन आनंद की पत्नी श्रीमती रेखा आनंद होंगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में मिसेज इंटरनैशनल शैली शर्मा रेनु वाला गुप्ता रहेंगी।

अनाज मंडी में 20 को बैलेट पेपर से होगा चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| तरावड़ी

हरियाणा की बासमती के नाम से प्रसिद्ध अनाज मंडी में अगले 2 वर्ष के लिए मंडी अध्यक्ष का चुनाव होना है। जिसे लेकर मंडी में सरगर्मियां तेज हो गई हैं। 20 मार्च को अनाज मंडी में बैलेट पेपर से अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होगा। इसमें 450 आढ़ती वोट देकर मंडी के नए अध्यक्ष का चुनाव करेंगे। हालांकि शहर में आढ़ती एवं राइस मिलर्स हमेशा यही प्रयास करते हैं कि मंडी में चुनाव न होकर आपसी सहमति से ही अध्यक्ष चुना जाए। पिछली बार भी ऐसा हुआ था। सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए लगातार बैठके होती रही लेकिन बाद में पहली बार वर्ष 2023 में अध्यक्ष के लिए चुनाव हुआ तथा शीशपाल गुप्ता मंडी अध्यक्ष बने थे। नए अध्यक्ष की चुनाव प्रक्रिया को पूर्ण करने के लिए शिव शक्ति इंटरग्लोब प्राइवेट लिमिटेड के सी.एम.डी. रमेश गुप्ता को कार्यकारी अध्यक्ष एवं राकेश हंस को चुनाव अधिकारी नियुक्त किया गया। जानकारी देते हुए चुनाव अधिकारी राकेश हंस ने बताया कि अभी तक मंडी प्रधान को लेकर 5 आढ़तियों ने नामांकन पत्र जमा हुये है। जिनमे पूर्व अध्यक्ष शीशपाल गुप्ता, सुभाष गुप्ता, सुल्तान सोल्हो, बृज भूषण गर्ग, योगेश मिड्ढा का नाम शामिल है। बैठक में पहले सर्वसम्मति बनाने की कोशिश की गई तथा 18 आढ़तियों के नाम चुनाव मैदान में आये थे। इनमें से 2 आढ़ती अपना नाम वापस ले चुके हैं।

मंडी प्रधान पद के लिए पांच ने किए नामांकन पत्र दाखिल

तरावड़ी। अध्यक्ष पद के लिए नामांकन जमा करवाते शीशपाल गुप्ता, सुभाष गुप्ता, सुल्तान सोल्हो, बृजभूषण गर्ग। और योगेश मिड्ढा अपने समर्थको के साथ नामांकन जमा करवाते

स्वयंसेवकों ने जलीय कृषि में नए रास्ते तलाशे

करनाल। दयाल सिंह कॉलेज, करनाल के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने एनएसएस प्रार्थना और स्वयंसेवकों के लिए योग के एक सत्र के साथ गांव डाबरी में एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के अपने तीसरे दिन की शुरुआत की। प्राचार्य डॉ. आशिमा गक्खड़ ने कृषि विज्ञान केंद्र, राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के क्षेत्रीय दौरे को हरी झंडी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह देखकर खुशी होती है कि हमारे एनएसएस स्वयंसेवक कृषि और जलीय कृषि जैसे क्षेत्रों में नवाचारों की खोज में लगे हुए हैं, जो कक्षा से परे उनके क्षितिज का विस्तार कर रहे हैं। ये अनुभव न केवल उनके व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ा रहे हैं बल्कि सतत विकास के प्रति जिम्मेदारी की भावना को भी बढ़ावा दे रहे हैं। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. दीपक कुमार ने छात्रों के साथ दिन की योजना साझा की। राष्ट्रीय डेयरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ. पी.के. सारस्वत ने विद्यार्थियों को कृषि अनुसंधान के आधुनिक क्षेत्रों की जानकारी दी।

हेल्थ कैंप में बच्चों को दिए स्वास्थ्य संबंधी टिप्स

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंद्री

पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री मे प्रधानाचार्य वंदना चावला की अध्यक्षता में बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में डॉक्टरों की टीम ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें स्वास्थ्य ठीक रखने एवं बीमारियों से बचने के बारे भी जानकारी उपलब्ध करवाई। बच्चों के स्वास्थ्य की जांच के लिए लगभग 5 दिन स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाएगा। प्रधानाचार्या वंदना चावला ने बताया कि बदलते परिवेश के कारण हमारे दैनिक जीवन में काफी बदलाव हुआ है। बदलते पर्यावरण के कारण हमें अनेक प्रकार की बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है और इन बीमारियों से हमारे स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ता है। उन्होंने छात्रों को बताया कि हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति गंभीर होना अति आवश्यक है। उन्होने बताया कि हमें अनुशासन में रहकर शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए।

स्वास्थ्य जांच शिविर में बच्चों का उपचार कर दी दवाई

इंद्री। पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इंद्री मे बच्चों के स्वास्थ्य की जांच करते डाक्टर। फोटो : हरिभूमि

ऋण मुक्ति शिविर का उठाया लाभ

करनाल। ऋण मुक्ति शिविर' के तहत करनाल मंडल में भी शिविरों का आयोजन किया गया। करनाल और यमुनानगर जिलों में कुल 14 स्थानों पर ये शिविर आयोजित किए गए, जिनमें मुख्य शिविर सेक्टर-12, करनाल में हुआ। इस अवसर पर बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय से सुमेश कुमार, महाप्रबंधक (एचआर) एवं अंचल कार्यालय से शालू ओबरॉय सहायक महाप्रबंधक उपस्थित रहे। मुख्य शिविर में करनाल के स्थानीय और निकटवर्ती शाखा प्रमुखों ने भाग लिया और बड़ी संख्या में उपस्थित एनपीए उधारकर्ताओं को वन-टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) योजना के लाभों की जानकारी दी। करनाल मंडल प्रमुख श्री जगजीत सिंह ने सभी उपस्थित लोगों का स्वागत करते हुए उधारकर्ताओं से इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाने और अपने बकाया ऋणों का निपटान करने की अपील की। इस पूरे अभियान की वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा निगरानी की गई, जिससे प्रभावी क्रियान्वयन और अधिकतम लाभ सुनिश्चित किया जा सके।

गुरु नानक खालसा कॉलेज हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

सोशल मीडिया का अंग्रेजी भाषा पर प्रभाव' विषय पर सेमीनार

इंद्री। इंद्री के एसडीएम अशोक मुंजाल को श्रीमद् भागवत गीता की पुस्तक भेंट करते प्रोफेसर प्रदीप वत्स। फोटो : हरिभूमि

गुरु नानक खालसा कॉलेज करनाल में अंग्रेजी विभाग द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का सुन्दर एवं भव्य आयोजन किया गया। आईसी सी. एस. एस. आर द्वारा प्रायोजित एवं उच्चत्तर शिक्षा विभाग के सहयोग से आयोजित इस अन्तर्राष्ट्रीय सेमीनार में मुख्य अतिथि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ वीरेंद्र पाल सिंह रहे जबकि अध्यक्षता कॉलेज की प्राचार्या प्रो. शशि मदान ने की। इस सेमीनार में देश विदेश से अनेक विद्वानों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन मोड पर भी भाग लिया। 'बौद्धिक सम्पदा अधिकार और सोशल मीडिया का अंग्रेजी भाषा पर प्रभाव' विषय पर आयोजित इस सेमीनार के मुख्य अतिथि कुलसचिव डॉ. वीरेंद्रपाल सिंह ने कहा कि इंटरनेट ने अंग्रेजी भाषा में पढऩे वाले लोगों को बढ़ावा दिया है परन्तु इसकी भाषा का स्तर गिरा हैं। भाषा को परिनिष्ठित बनाने के लिए हम अधिक से अधिक लिखना चाहिए। विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे पांयनियर के वरिष्ठ संवाददाता सौरभ चौधरी ने कहा कि भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए भाषा की शुद्धता अनिवार्य है और सोशल मीडिया जानकारी तो सटीक देता है परन्तु भाषा में शुद्धता का अभाव हैं। कुंजीवत भाषण देते हुए गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय हरिद्वार के अंग्रेजी विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं डीन डॉ. एम. आर. वर्मा ने कहा कि आई. पी. आर की महता और आवश्कता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा सोशल मीडिया द्वारा जो अंग्रेजी भाषा का प्रयोग है उसमें अनेक त्रुटियां हैं। हमें भाषा पर ध्यान देना चाहिए।

स्च्छता की ओर | स्वच्छ सर्वेक्षण के नतीजों में टॉप पर लाने के लिए दें अपनी सकारात्मक फीडबैक

शहरवासी अपने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी फीडबैक दे सकते हैं: आयुक्त

स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए फीडबैक जारी नगर निगम करनाल प्रदेशभर में प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के लिए सिटीजन फीडबैक की प्रक्रिया बीते दिनों शुरू हो चुकी है, जिसमें नगर निगम करनाल 2796 फीडबैक के साथ प्रदेशभर में प्रथम स्थान पर है। दूसरे स्थान पर गुरूग्राम, 2650 फीडबैक तथा 2598 फीडबैक के साथ नगर निगम यमुनानगर तीसरे स्थान पर है। यह जानकारी शुक्रवार को नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने दी।

उन्होंने बताया कि शहरवासी अपने शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर अपनी फीडबैक दे सकते हैं। इसके लिए केन्द्र सरकार के आवास एवं शहरी मामले मंत्रालय ने एक ऑनलाइन लिंक (एसबीएम अर्बन डॉट ओआरजी/फीडबैक) जारी किया है। बता दें कि इस बार सर्वेक्षण 12500 अंकों का है। इसके तहत शहर की साफ-सफाई, सुंदरता, कचरा मुक्त शहर की स्टार रेटिंग, खुले में शौच मुक्त के साथ-साथ वाटर प्लस श्रेणी में आना जैसे विभिन्न पैरामीटर शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सर्वेक्षण में नागरिक सहभागिता व सिटीजन फीडबैक के अंक भी अहम भूमिका निभाएंगे। दूसरी ओर उन्होंने बताया कि नगर निगम की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा राजकीय महिला महाविद्यालय में माय भारत के स्वयं सेवकों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 को लेकर फीडबैक किस प्रकार दिया जाना है, उसका प्रशिक्षण दिया गया था। इसमें जिन स्वयं सेवकों ने 300 से ज्यादा फीडबैक दिलवाई है, उन्हें एक-एक टिफिन देकर सम्मानित किया गया है। इनमें बी.कॉम के विद्यार्थी मनदीप तथा बीबीए की विद्यार्थी साक्षी शामिल है। इसके अतिरिक्त जिन स्वयं सेवकों ने 200 से अधिक फीडबैक दिया है, उनमें कप देकर सम्मानित किया गया है।

इन प्रश्नों का देना होगा जवाब

- क्या आपके घर या दुकान से प्रतिदिन कचरे का उठान किया जाता है।
- आप अपने क्षेत्र की सफाई को लेकर उसका कैसा आंकलन करते हैं।
- क्या आपको अपने एरिया में कचरे के ढेर नजर आते हैं।
- क्या आप घर से ही गीले व सूखे कचरे को अलग-अलग करते हैं।
- . क्या कचरा एकत्रित करने वाले वाहन कचरा लेते समय उसे अलग-अलग करके लेते हैं या सारा कचरा एक साथ ही लेते हैं।
- स्थानीय निकाय सार्वजनिक स्थानों पर सफाई रखने में कितना प्रभावशाली है।
- क्या आप रिड्यूज, रीयूज व रीसाईकल सेंटर के बारे में जानते हैं।
- क्या आप जानते हैं कि निकाय एरिया में सिर्फ पंजीकृत ऑपरेटर को ही सेप्टिक टैंक व सीवर की सफाई की अनुमति है।
- आप अपने एरिया में सार्वजनिक शौचालयों की सफाई से कितने संतुष्ट हैं।
- क्या आप कभी सफाई समस्याओं को लेकर स्थानीय निकाय को सूचित करते हैं।

खबर संक्षेप

पुलिस टीम ने कट्टे के साथ आरोपी पकड़ा

पानीपत। एंटी नारकोक्टिस सेल पुलिस टीम ने समालखा में नया बस अड्डा के पास से जसवंत पुत्र प्रेम सिंह निवासी गांव पिनाना जिला सोनीपत को अवैध देसी पिस्तौल सहित गिरफ्तार किया। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित सरोहा ने बताया कि जसवंत पर जानलेवा हमला, लड़ाई झगड़ा, हत्या व मुठभेड़ की वारदातों के सोनीपत के गोहाना व गन्नौर थाना में चार केस दर्ज है।

सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन

इसराना। राजकीय महाविद्यालय गांव इसराना में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सरपंच एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष राजेश जागलान सरपंच, ग्राम इसराना मुख्य अतिथि रहे। प्राचार्य डा. बलिंद्र गुलिया द्वारा स्वयंसेवकों को एनएसएस के महत्व और इसके प्रति प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया। राष्ट्रीय सेवा ही समाज सेवा है। वहीं, पौधा रोपण सबसे उत्तम सेवा है।

आर्य कॉलेज में रखी है ईवीएम

पानीपत। जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आर्य पीजी कॉलेज जीटी रोड की 200 मीटर की परिधि में पांच या इससे ज्यादा लोगों के इक्कठा होने पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश आर्य पीजी कॉलेज के खेल परिसर में ईवीएम के रखे होने के और उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत जारी किए गए हैं।

मतदान केंद्र में मोबाइल ले जाने पर लगा प्रतिबंधित

पानीपत। जिलाधीश डॉ. वीरेंद्र दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत 9 मार्च को होने वाले मतदान और 12 मार्च को होने वाली निगम चुनाव की मतगणना के दृष्टिगत आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार मतदान के दिन मतदान केन्द्र में मतदाना के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति के खड़े होने पर पाबन्दी रहेगी। मतदान केन्द्र में अधिकृत व्यक्ति को छोड़कर किसी अन्य व्यक्ति द्वारा मतदान केन्द्र और मतगणना केन्द्र के 100 मीटर के दायरे में किसी भी तरह के फोन/सेल्यूलर/मोबाइल, कोडलेस फोन, वायरलेस सेट इत्यादि लाने-लेजाने पर पाबन्दी रहेगी।

नौ मार्च को होने वाले चुनाव के तहत बंद रहेगा उद्योग

पानीपत। जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र दहिया ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी कर 9 मार्च को होने वाले निगम चुनाव के दृष्टिगत शहरी क्षेत्र के सभी उद्योग, फैक्ट्री, मॉल, सिनेमा हॉल और दुकानें बंद करने के निर्देश दिए हैं ताकि लोग ज्यादा से ज्यादा मतदान कर सकें। उक्त आदेशों की पालना के दृष्टिगत संयुक्त-आयुक्त नगर निगम, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के क्षेत्रीय अधिकारी, जीएम डीआईसी और श्रम विभाग के अधिकरियों को निर्देश दिए गए हैं।

डीसी को बुके व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया

पानीपत। धार्मिक संस्था श्याम बाबा सेवा मंडल के पदाधिकारी ने शुक्रवार को जिला सचिवालय में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया का बुके व स्मृति चिन्ह देकर उनके जनहित में किए जा रहे कार्यों के लिए सम्मानित किया। उपाय इतनी संस्था के सदस्यों के साथ कई देर तक वार्ता की व इसके लिए उनका आभार जताया। डीसी ने संस्था के सदस्यों से उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी ली व उसे निरंतर आगे जारी रखने के लिए कहा।

एमकॉम फाइनल ईयर की छात्रा सिमरन प्रथम

पानीपत। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एमकॉम तृतीय सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम घोषित कर दिए गए हैं, जिसमें आईबी पीजी कॉलेज की एमकॉम फाइनल ईयर की छात्रा सिमरन ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए पांचवां स्थान और द्वितीय सेमेस्टर में प्रथम स्थान हासिल कर महाविद्यालय के गौरव को बढ़ाया। कॉलेज प्राचार्या डॉ. शशिप्रभा मलिक ने सिमरन को बधाई व उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया।

बदलते परिवेश में महिलाओं ने उन्नति व कामयाबी की एक नई मिसाल कायम की

जहां नारी का सम्मान है वहीं सुख और समृद्धि है : डा. जगदीश गुप्ता

- इंटर कालेज भाषण एवं पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन
- महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डा. मीनल तालस ने प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिला सशक्तिकरण के विषय पर महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ द्वारा इंटर कालेज भाषण एवं पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में 12 कालेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पहुचने पर महिला प्रकोष्ठ की इंचार्ज डा. मीनल तालस ने प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने कहा कि हमें प्रेरणा लेनी चाहिए कि बदलते परिवेश में महिलाओं ने विश्व में उन्नति व कामयाबी की एक नई मिसाल कायम की है। उन्होंने कहा कि अगर महिलाएं सशक्त होगी तो समाज और ज्यादा सशक्त होगा और राष्ट्र भी उन्नति करेगा। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान हमेशा हमारे लिए सर्वोपरि होना चाहिए। साथ ही अपने वक्तव्य में कहा कि महिलाओं के विकास में सरकार अहम भूमिका निभा रही है और बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसी योजनाएं इसकी परिचायक हैं। शिक्षा, व्यापार और राजनीतिक शोध में महिलाएं आज अहम भूमिका निभा रही है। आज समाज और देश के विकास में महिलाओं का अहम योगदान है।

पानीपत । आर्य कॉलेज के प्राचार्य डॉ जगदीश गुप्ता के साथ विजेता विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

ये बने विजेता

प्राचार्य डा. जगदीश गुप्ता ने बताया कि भाषण प्रतियोगिता में राजकीय महाविद्यालय मतलौडा से तन्नू ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय बहरामपुर से अंजू द्वितीय, आर्य पीजी कालेज से खुशी ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं राजकीय महाविद्यालय मतलौडा से काजल ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया। साथ ही पोस्टर मैकिंग प्रतियोगिता में आईबी कालेज से कृतिका ने प्रथम, राजकीय महाविद्यालय मतलौडा से रीतिका ने द्वितीय, आर्य पीजी कालेज से अमन ने तृतीय स्थान और एसडी कालेज से छात्रा सानिया ने सांत्वना पुरस्कार हासिल किया।

पानीपत। डीसी डॉ. वीरेंद्र दहिया महिला दिवस पर नारी शक्ति को सम्मानित करते हुए।

नारी दिवस पर महिलाओं को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला सचिवालय सभागार में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। उपायुक्त ने इस मौके पर महिलाओं को महिला दिवस की बधाई दी। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त का बुके देकर अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी निजी लाइफ से जुड़े अनुभव रखे। उपायुक्त डॉ. वीरेंद्र दहिया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में कहा कि यह दिन महिला सशक्ति करण और समानता की दिशा में एक बड़ा कदम है महिलाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना और उन्हें सम्मान देना है। नारी मात्र शब्द नहीं बल्कि संपूर्ण सृष्टि का आधार है। कार्यक्रम में सीटीएम टीनू पोसवाल ने कहा कि महिलाओं को बच्चों में अच्छे संस्कार डालकर उनका योग्य बनना चाहिए। जिला परिषद की डिप्टी सीईओ कंचन लता ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में पुरुषों से चार कदम आगे है व जीवन दाहिनी है और रिश्ते संभालने वाली शक्ति है।

बच्चों से भीख मंगवाना पाप है: विनोद

- बच्चों से भिक्षावृत्ति के खिलाफ शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत की सचिव एवं न्यायिक दंडाधिकारी मीनू के दिशानिर्देशानुसार एवं कुशल मार्गदर्शन में गैर सरकारी संस्था एमडीडी ऑफ इंडिया ने शिक्षा विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला कल्याण विभाग, पुलिस विभाग और ब्रेकथ्रू संस्था के सहयोग से बाल श्रम और बच्चों से भिक्षावृत्ति के खिलाफ शिक्षा का हक नई राह नई पहचान अभियान चलाया। अभियान के तहत जिले के सरकारी विभागों और गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा मिलकर औद्योगिक क्षेत्र फ्लोरा चौक और सिवाह बस स्टैंड के पास बाल श्रम और बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ एक जागरूकता अभियान चलाया गया। जलोगों को संबोधित करते हुए हुए शिक्षा विभाग से प्रिंसिपल विनोद ने कहा कि बच्चों से बाल श्रम व भिक्षावृत्ति कराना गलत है और उन्हें शिक्षा से जोड़ा जाना चाहिए। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत सभी बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा उपलब्ध करवाई जाती है।

पानीपत। बाल विवाह, श्रम, भिक्षावृति के खिलाफ अभियान चलाते हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारीगण। फोटो :हरिभूमि

महिला दिवस पर लैंगिक समानता के महत्व और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान का सम्मान करते हुए अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को उत्साह के साथ मनाया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिटी मजिस्ट्रेट टीनु पोसवाल ने शिरकत की।

कार्यक्रम में लैंगिक समानता के महत्व और राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की भूमिका पर प्रकाश डाला। महिला स्वास्थ्य मुद्दों पर व्याख्यान दिया गया। जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद विशिष्ट अतिथि डा. पूजा सिंघल, रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत और गीता, गीता फैब्रिक्स व कुसुम बंसल प्रिन्सिपल गल्र्स सीनियर सेकेन्डरी स्कूल मॉडल टाउन पानीपत ने संस्थान की छात्राओं के साथ अपने विचार साझा किए और महिला सशक्तिकरण और उनके अधिकारों के बारे में चर्चा की गई। संस्थान के कार्यकारी प्राचार्य चन्दन वशिष्ठ ने बताया कि महिला दिवस महिलाओं के अधिकारों, उनकी सशक्तिकरण और उनके योगदान को मनाने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर संस्थान के नीलम रानी, सुदेश कुमारी, आशीष सिक्का, नौबल कौशिक मौजूद रहे।

पानीपत। होटल प्रबंधन संस्थान में अतंरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम में भगा लेते अतिथि व टीचर्स आदि। फोटो :हरिभूमि

रिटायर्ड कॉलेज के प्रधानाचार्यों और अध्यापकों को ट्रेजरी से मिले पेंशन : डॉ. रामेश्वर दास

- आरसीपीटीएफ पानीपत जोन के अध्यक्ष बने मेहंदीरत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

एसडी पीजी कॉलेज पानीपत के प्रांगण में रिटायर्ड कॉलेज प्रिंसिपल्स एंड टीचर्स फेडरेशन हरियाणा के पानीपत जोन की आमसभा हुई। इस सभा में आगामी सत्र के लिए पदाधिकारी का चुनाव भी सर्वसम्मति से संपन्न हुआ। जिसमें प्रधान, एसपी मेहंदीरता, उपप्रधान, डॉ. आईसी गोयल, सचिव, मुकेश गुप्ता तथा वित्त सचिव की जिम्मेदारी डॉ.रामेश्वर दास को दी गई। साथ ही फेडरेशन से जुड़ी मांगों पर चर्चा भी हुई। जिनमें पेंशन ट्रेजरी के माध्यम से निश्चित कराना, मेडिकल सुविधा प्राप्त करना तथा कुछ अन्य विसंगतियों का समाधान भी सरकार से मिलजुल कर कराना तय हुआ। चुनाव में संरक्षक डॉ. एसबी दीक्षित, पूर्व प्राचार्य डीएवी कॉलेज करनाल, पर्यवेक्षक प्रोफेसर वशिष्ठ, हिंदू कॉलेज सोनीपत फेडरेशन के महासचिव डॉ. पीआर त्यागी, खालसा कॉलेज यमुनानगर ने फेडरेशन की अब तक की कार्यवाही पर विचार प्रकट किए। फेडरेशन के वित्त सचिव डॉ.संपूर्णानंद शर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा फेडरेशन की एक एकजुटता पर बलदिया। उन्होंने कहा कि सरकार से बड़े सौहार्द पूर्ण वातावरण में सभी विसंगतियोंको लेकर बातचीत चल रही है और शीघ्र ही सभी का हल निकाल लिया जाएगा।

रिफाइनरी ने 95 छात्राओं को साइकिल भेंट की

पानीपत। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव रजापुर में पानीपत रिफाइनरी के सौजन्य से 95 छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व साइकिल वितरण करके सच्चा महिला दिवस-बेटी दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में रिफाइनरी डीजीएम देव ज्योति बरुआ रहे जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मैनेजर आरके पाठक व सीनियर मैनेजर विवेक शर्मा पधारे। स्कूल प्रधानाचार्य सुरेंद्र सिंह एवं सरपंच दलेर सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। मंच संचालन अध्यापक ओमवीर ने किया।

ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे

विद्यार्थियों व आमजन को साइबर क्राइम के विरूद्ध जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जिला पुलिस द्वारा को साइबर राहगीरी कार्यक्रम के तहत भावना चौक, मित्तल मैगा माल के बाहर, माडल टाउन 100 नंबर चौक, टोल टेक्स, सैठी चौक, रेलवे स्टेशन, रिफाइनरी के पास पालाराम मार्केट, सनौली, मतलौडा, बापौली में बस अड्डा पर व आर्य कॉलेज, पाइट कॉलेज, एनसी कॉलेज, एसडी कॉलेज, आईटीआई, सेक्टर 18 स्थित देशबंधु गुप्ता गवर्नमेंट कॉलेज में विद्यार्थियों व आमजन को साइबर अपराधों व साइबर क्राइम हेल्प लाइन नंबर 1930 के बारें में विस्तार से जानकारी देकर जागरूक किया। जिला में साइबर क्राइम जागरूक्ता अभियान के नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक राजबीर सिंह ने बताया कि तकनीक के इस युग में जितनी तेजी से डिजिटल लेन देन को बढ़ावा मिला है उतनी ही तेजी से ठगी के नए-नए तरिके सामने आ रहे हैं। स्वयं को साइबर अपराध के प्रति जागरूक कर नागरिक साइबर ठगी से बच सकते हैं।

पराली अवशेष प्रबंधन जागरूकता रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

आईबी पीजी कॉलेज में एनएसएस यूनिट द्वारा सात दिवसीय स्पेशल कैंप के दूसरे दिन का आयोजन गांव खोतपुरा में किया गया। दिन की शुरुवात स्वयं सेवकों को योगा करवा कर हुई। वहीं, स्वयं सेविंयों ने पूरे गांव में पराली अवशेष प्रबंधन जागरूकता रैली निकाली गई। जिसमें स्वयंसेवकों द्वारा पराली नहीं जलाएंगे पर्यावरण को बचाएंगे जैसे नारे लगाए गए और गांव वासियों को पराली जलाने से पर्यावरण को होने वाले नुक़सान के बारे में जागरूक किया। तत्पश्चात गांव खोतपुरा में स्वयं सेवकों द्वारा नशा मुक्ति अभियान चलाया गया। जिसमें स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को नशे के विरूद्ध जागरूक किया। दूसरी ओर, डॉ. अंजू , काउंसलर, ई ऐस आई हॉस्पिटल, पानीपत द्वारा स्वयंसेवकों को एचआईवी और एड्स के बारे में लेक्चर दिया गया।

पानीपत। गांव खोतपुरा में जागरूकता रैली निकालते हुए आईबी कॉलेज के विद्यार्थी। फोटो :हरिभूमि

नशा तस्कर पकड़ा

पानीपत। एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने समालखा स्थित किवाना रोड पर नशा तस्कर सत्यदेव पुत्र सियाराम निवासी गांव भरना खुर्द जिला मथुरा हाल निवासी वेस्ट गौतमबुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश को 1 किलो 108 ग्राम गांजा नशीले पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है।

हैचरी से ट्रांसफार्मर चोरी

इसराना। पानीपत के गांव ब्राह्मण माजरा स्थित वंश बिल्डिंग फॉर्म नामक हैचरी से चोरों ने ट्रांसफॉर्मर के कीमती पार्ट्स चुरा लिए। मामले की सूचना पर पहुंची इसराना थाना पुलिस ने मौके का मुआयना कर बिजली निगम अधिकारियों की शिकायत के आधार पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और अज्ञात चोरों की तलाश की जा रही है।

बीमा के पैसे हड़पने वाला आरोपी पकड़ा

पानीपत। सीआईए थ्री पुलिस टीम ने मृत्यु की कगार पर खड़े लोगों की बीमा पॉलिसी करवा कर धोखाधड़ी से बीमा पॉलिस के पैसे हड़पने वाले गिरोह के तीसरे आरोपी सचिन निवासी गांव गुगनपुरा जमालपुर जिला शामली, यूपी को काबू किया है। उपरोक्त जानकारी सीआईए थ्री प्रभारी इंस्पेक्टर विजय ने दी।

चुनाव भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अनेक विकास कार्य करवाए

भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया

पानीपत की सभी 27 सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा : भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत

- शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर कोई भी व्यक्ति उच्चाइयों को छू सकता है

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

भाजपा की पानीपत नगर निगम से भाजपा प्रत्याशी कोमल सैनी और वार्ड 26 के पार्षद प्रत्याशी कुसुम भट्ट के समर्थन मे आयोजित वार्ड 26 का डोर टू डोर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, सुभाष शर्मा, प्रमोद कुराड़िया, सुनीता गोयल विशेष रूप से उनके साथ मौजूद रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत ने कहा कि नगर निकायों चुनाव में भाजपा की लहर चल रही है कांग्रेस के कार्यकर्ता कही भी नजर नहीं आते। पानीपत की सभी 27 सीटों पर भाजपा का कमल खिलेगा। उन्होंने जनता से अपील की कि वह रविवार 9 मार्च को कमल के सामने का बटन दबाकर भाजपा उम्मीदवाओं को विजय बनाए। उन्होंने कहा कि भाजपा की केंद्र एवं प्रदेश सरकार ने अनेक विकास कार्य करवाए है और मोदी सरकार की विभिन्न नीतियों तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रतिबद्धता के कारण देश को एक नई दिशा मिली है। भारत विश्व की चौथी आर्थिक शक्ति बन गया है। विश्व स्तर पर भारत का कद भी बढ़ता जा रहा है अब पूरी दुनिया में ही मोदी का मैजिक चल रहा है उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने अपने गत 10 वर्षों के दौरान वार्ड 26 में अनेक विकास कार्य करवाए है लेकिन समय की मांग के अनुसार और अधिक विकास करवाने की जरूरत अभी भी बरकरार है। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही वह साधन है जिसके बल पर कोई भी व्यक्ति उच्चाइयों को छू सकता है इसी के दृष्टिगत वार्ड 26 में कक्षा 12 वीं तक का सरकारी स्कूल खुलवाया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री कृष्ण छोक्कर, वार्ड प्रभारी सुनीता गोयल, काबड़ी मंडल अध्यक्ष अतर सिंह प्रजापत, पूर्व मंडल अध्यक्ष अर्जुन शर्मा, प्रमोद कुराड़िया,सुभाष शर्मा, विनीत कुंडू, नवीन सक्सेना, सुधीर बडौली,कृष्ण भगत, नीरज पांचाल, शिव कुमार रावल, सुमित रावल, जितेंद्र आर्य, ओम दत्त आर्य, समुद्र जागलान, सुरेश कश्यप, प्रदीप अग्रवाल, रविंद्र रोड, अरविंद, सिद्धांत गुर्जर, सुधांशु गुर्जर, प्रेम वर्मा, देवांशू वर्मा, दीपक सिंह, रमन शर्मा, हरीश, ईश्वर सरदार मुख्य रूप से उपस्थित रहे। वहीं कोमल सैनी ने पानीपत जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरेंद्र दुहन आदि से मिल का भाजपा का समर्थन करने की अपील की है।

पानीपत। मुलूस निकालते हुए भाजपा के मेयर व पार्षद पदों के प्रत्याशीगण।

न्यायालय तहसीलदार -कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

अमन अग्रवाल पुत्र श्री अरूण कुमार अग्रवाल निवासी मकान नम्बर 342-एल, माडल टाउन, पानीपत।
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के मध्यम से हर आम व खास को सुचित किया जाता है अमन अग्रवाल पुत्र श्री अरूण कुमार अग्रवाल निवासी मकान नम्बर 342-एल, माडल टाउन, पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू इस कार्यालय मे पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है कि प्रार्थी के पिता अरूण कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ज्योति प्रसाद अग्रवाल निवासी मकान नम्बर 3427एल, माडल टाउन, पानीपत की दिनांक 06-03-2024 को मृत्यु हो चुकी है, एवंम प्रार्थी की दादी श्रीमति सरला देवी जी की काफी अरसा पहले मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यू उपरान्त उनके निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शये गये है। लोकेश नांगरू वार्ड नम्बर 20, नगर निगम पार्षद पानीपत, एवंम सुभाष पटवारी पानीपत द्वारा भी अपनी रिपोर्ट में इन्हो वारसान की तसदीक की गई है:-

1- रक्षा अग्रवाल धर्मपत्नी श्री, व 2 अमन अग्रवाल पुत्र, व 3- मन्नु अग्रवाल पुत्र श्री अरूण अग्रवाल यानि कुल 3 ही वारिस है।

इनके इलावा मृतक श्री अरूण कुमार अग्रवाल पुत्र श्री ज्योति प्रसाद अग्रवाल का अन्ट कोई वारिस / उतराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिए हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उतराधिकारी के बाबत कोई शक एवंम इतराज हो तो वह स्वंय / अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर-2 इस कार्यालय मे कार्य दिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त तथ्यो के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 6/03/2025 के मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत

न्यायालय तहसीलदार -कम- सब-रजिस्ट्रार पानीपत।

विनोद ग्रोवर पुत्र श्री मोहन लाल ग्रोवर निवासी मकान नं0 42, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत व आदि
बनाम
जनरल पब्लिक

इस इश्तहार के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि विनोद ग्रोवर पुत्र श्री मोहन लाल ग्रोवर निवासी मकान नं0 42, माडल टाउन तहसील व जिला पानीपत आदि ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है। जिसमे स्पष्ट रूप से बताया गया है। कि स्व० श्री मोहन लाल ग्रोवर पुत्र श्री हरदवाल का दिनांक 14.11.2011 को देहान्त हो चुका है। स्व० श्री मोहन लाल ग्रोवर पुत्र श्री हरदवाल के नाम चल अचल सम्पति हैं। स्व० श्री मोहन लाल ग्रोवर पुत्र श्री हरदयाल के देहान्त के बाद निम्न वारिस उतराधिकारी है:- 1. विनोद ग्रोवर (पुत्र) २. हरीश ग्रोवर (पुत्र) 3. जनक राज ग्रोवर (पुत्र) 4. सुदेश रानी (पुत्री) 5. कमलेश रानी (पुत्री) 6. प्रेमलता (पुत्री) 7. स्नेह धवन (पुत्री) ही जायज वारिस हैं मृतक की माता श्रीमति मावावती का अरसा पहले देहान्त हो चुका है मृतक की पत्नी श्रीमति राजरानी ग्रोवर का दिनांक 26.03.2016 का देहान्त अरसा पहले हो चुका है। नगर निगम पार्षद लोकेश नागरू व सुभाष पटवारी ने भी अपनी रिपोर्ट में उपरोक्त वारसान की तसदीक की गई है।

उपर दर्शाये गये वारसानों के इलावा मृतक स्व० श्री मोहन लाल ग्रोवर पुत्र श्री हरदवाल का अन्य कोई वारिस/उत्तराधिकारी नहीं है। जिसके सम्बंध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है। इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार नोटिस के माध्यम से सुचित किया जाता है। कि उपरोक्त मृतक स्व. श्री मोहन लाल ग्रोवर पुत्र श्री हरदवाल के बताये गये वारिस उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एंव एतराज हो तो वह स्वंय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिन के अन्दर अन्दर कार्यालय मे कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जायेगा।

यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 6/03/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मोहर द्वारा जारी किया गया।

हस्ता/- तहसीलदार-कम- सब रजिस्ट्रार, पानीपत

खबर संक्षेप

छात्रों को दी लेखन की जानकारी

अंबाल अंबाला छावनी के गवर्नमेंट पीजी कॉलेज में चल रही इंग्लिश राइटिंग स्किल्स वर्कशॉप में शुक्रवार को छात्रों ने इंग्लिश न्यूजपेपर के लिए लेखन व संपादन की स्किल्स के बारे में जाना। एमए इंग्लिश व बीए ऑनर्स के छात्रों को इंग्लिश प्रूफ रीडिंग के बारे में भी विस्तार से बताया। इंग्लिश विभाग की अध्यक्ष डॉ अंजू जगपाल ने बताया कि वर्कशॉप में मुख्य वक्ता ने छात्रों को व्यावहारिक तरीके से न्यूजपेपर के लिए लिखने व प्रूफ रीडिंग के बारे में बताया। वर्कशॉप की ऑर्गेनाइजिंग सेक्रेटरी डॉ पूजा गोयल ने बताया कि वर्कशॉप में करीब एक सौ छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में विभाग के प्रो गुरविंदर सिंह ने छात्रों से परिचय करवाया व छात्रों को इस मौके पर अधिक से अधिक सीखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में डॉ. विनोद,प्रो. सुनील कुमार,प्रो. रेखा,प्रो. सरोज व सुभाष नौटियाल आदि मौजूद रहे।

नेशनल लोक अदालत आठ मार्च को

अंबाला। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम प्रवीण ने बताया कि 8 मार्च 2025 को इस वर्ष की पहली राष्ट्रीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन अंबाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतों में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नेशनल लोक अदालत में निपटारा करवाना चाहता है तो वह न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है।

1192 केसों का हुआ निपटान

अंबाला। जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुश्री कंचन माही के निर्देशानुसार सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण प्रवीण के मार्गदर्शन में शुक्रवार को स्थायी लोक अदालत में एक नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसमें कैनरा बैंक, बैंक ऑफ बडौदा, आईसीआईसीआई, बीएसएनएल, बिजली बिल और अन्य सिविल केस 3076 केसों पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान 1192 मुकदमों का निपटारा किया गया। साथ ही 33721 की राशि का भुगतान किया गया।

शिकायतों का तत्परता से किया जा रहा समाधान

नारायणगढ़। लघु सचिवालय स्थित कॉफ्रेंस हॉल में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। समाधान शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर में नायब तहसीलदार संजीव अत्रि ने नागरिकों की समस्याएं सुनी व संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों का निपटारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और लोगों को समयबद्ध सेवा प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर की शिकायतों की प्रभावी मॉनिटरिंग की जा रही हैं। विभागों द्वारा पूरी गंभीरता के साथ शिकायतों पर एक्शन लेते हुए उनका समाधान किया जाए।

कंबाइन से तेल चोरी के मामले में आरोपी दबोचा

कैथल। कंबाइन की टंकी से तेल व अन्य सामान चोरी करने के मामले की जांच थाना कलायत के पीएसआई रवि कुमार की टीम द्वारा आरोपी गांव बालु निवासी सोनु को काबु कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बालु निवासी राजेश कि शिकायत अनुसार 2 मार्च को वह शादी में गया था। उसकी कम्बाईन सुरेंद्र सिंह के मकान में खड़ी हुई थी।

कार की चपेट में आने से बाइक चालक घायल

कैथल। शगुन पैलेस सिरसल के निकट कार की चपेट में आने से एक बाइक चालक घायल हो गया। उसे अस्पताल में दाखिल करवाया गया है। गांव पिलनी के उदय शर्मा ने पुंडरी पुलिस को दी शिकायत में आरोप लगाया है कि 5 मार्च को जब विष्णु उर्फ जोनी रात को बाइक पर शगुन पैलेस के निकट से गुजर रहा था तो स्विफ्ट गाड़ी चालक ने कार को लापरवाही से चलते उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

उमंग उत्सव में छात्रों ने जमाया रंग, शानदार प्रस्तुतियों से जमकर लूटी वाहवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति के तत्वाधान में दो दिवसीय उमंग उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्या डॉ. खुशीला ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। सर्वप्रथम प्राचार्या ने रिबन काटकर एवं सांस्कृतिक साहित्यिक समिति की संयोजिका प्रोफेसर रेनू कुमारी ने समस्त कॉलेज काउंसिल ने प्राचार्या को पुष्पगुच्छ भेंट कर कार्यक्रम में पहुंचने पर उनका स्वागत किया। प्राचार्या द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके एवं विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दो दिवसीय कार्यक्रम में पहले दिन भाषण, रंगोली बनाना, वाद्य यंत्र वादन प्रतियोगिता कराई गई एवं दूसरे दिन एकल गायन, एकल लोक नृत्य, समूह नृत्य, एकल शास्त्रीय नृत्य, मिमिक्री, मोनो एक्टिंग प्रतियोगिताओं में विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित किया। प्रोफेसर रेनू कुमारी एवं समिति के सदस्यों

नारायणगढ़ कार्यक्रम में रंग जमाने वाली छात्राएं शिक्षकों के साथ।

द्वारा प्राचार्या को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों ने गीत और नृत्य की एक से एक बढक़र प्रस्तुतियों को दिखाकर अपनी कला को प्रदर्शित किया। इसके अतिरिक्त छात्राओं ने गेस्ट परफॉरमेंस में

प्रमाण पत्र देकर सम्मानित

कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति की इंचार्ज प्रोफेसर रेनु कुमारी ने इस दो दिवसीय कार्यक्रम में होने वाली गतिविधियों से अवगत कराया एवं सांस्कृतिक एवं साहित्यिक समिति में होने वाली गतिविधियों की वार्षिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र तबला प्लेयर का महत्वपूर्ण योगदान रहा। डॉ. प्रोफेसर देवेन्द्र ढींगरा ने अंत में कार्यक्रम में उपस्थित सभी का धन्यवाद किया। प्रत्येक श्रेणी में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले विजेता विद्यार्थियों को प्राचार्या द्वारा नगद पुरस्कार देकर पुरस्कृत एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित गया। मंच का संचालन कॉलेज काउंसिल की सदस्य डॉ. अपूर्वा चावला एवं समिति की सदस्य प्रो.अशिमा ठाकुर ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्चरल समिति के सदस्य एवं महाविद्यालय के सभी टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टाफ सदस्यों ने अपना सहयोग दिया।

महिला प्रकोष्ठ द्वारा फरवरी में आयोजित सेल्फ डिफेंस प्रस्तुति एवं एनसीसी कैडेट्स ने ग्रुप डांस के माध्यम से अपना प्रदर्शन किया। प्राचार्या ने सराहना की विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि विद्यार्थीयों में छिपी हुई प्रतिभा को खोजकर उसे संवारने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम उन्हें एक मंच प्रदान करते हैं। विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाने का हमारा यही उद्देश्य है कि अपनी-अपनी योग्यता के अनुसार विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर पाएं।

जलभराव वाले क्षेत्र चिह्नित कर करवाए जाएं पानी निकासी के बंदोबस्त

नाले-ड्रेनों की सफाई करने के आदेश जारी

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने आगामी बरसाती सीजन को लेकर सेना व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने शुक्रवार को आगामी बरसाती सीजन का लेकर सेना व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को जरुरी निर्देश भी दिए। उन्होंने अधिकारियों को बरसाती सीजन से पहले ही नालों, ड्रेनों की सफाई करने के आदेश भी दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी एरिया में बरसाती सीजन के दौरान जलभराव की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उपायुक्त ने नगर निगम, नगर परिषद, सिंचाई विभाग, रेलवे विभाग, एनएचएआई, कैंटोनमेंट बोर्ड, पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से नाले व ड्रेनों की भी विस्तार से जानकारी ली।

साथ ही उनकी सफाई के कार्य की रुपरेखा भी तैयार की गई। उन्होनें यह भी कहा कि यह पहली बैठक है। उन्होंने कहा कि उन जगहों को चिह्नित किया जाए जहां बरसाती सीजन में जलभराव होता है। इसके बाद उस जगह पर बरसाती पानी की निकासी की प्रबंध किए जाएं। उन्होंने कहा कि पानी निकासी को लेकर हर अवरोधक को दूर किया जाए। सफाई एजेंसी एवं विभाग द्वारा बेहतर समन्वय बनाकर ड्रेनों व नालों की सफाई को दुरूस्त करना हैं। उन्होंने आर्मी व रेलवे विभाग के अधिकारियों को भी कहा कि उनके क्षेत्रों के साथ के तहत जहां पर भी जलभराव की स्थिति रहती है उस जगह को चिह्नित कर सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करवाएं। उपायुक्त ने यह भी कहा कि आर्मी क्षेत्र के तहत यदि किसी कार्य के लिए कोई रूप रेखा तैयार की जानी है तो इसके लिए जो भी औपचारिकताएं उन्हें पूरा किया जाए।

अंबाला। पानी निकासी को लेकर अधिकारियों से बातचीत करते डीसी।

ये रहे मौजूद

बैठक में ब्रिगेडियर साकेत कुमार, एसीयूटी रवि मीणा, एसडीएम अंबाला छावनी विनेश कुमार, नगर निगम की संयुक्त आयुक्त अदिति, अधीक्षक अभियंता हरपाल सिंह, कार्यकारी अभियंता रितेश अग्रवाल, कार्यकारी अभियंता जसविंद्र मलिक, सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल, डीआईपीआरओ धर्मेंद्र कुमार, एनएचएआई से पुलकित, डीएसपी रमेश कुमार के साथ-साथ रेलवे, कैंटोनमेंट बोर्ड के अधिकारी भी मौजूद रहे।

जींद। परीक्षा देने आए परीक्षार्थी।

ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर सुपरवाइजर को रिलीव किया

- पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर में ड्यूटी के दौरान लापरवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की हिंदी विषय की परीक्षा के दौरान पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर में ड्यूटी के दौरान लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव किया है। हालांकि परीक्षा के दौरान नकल का कोई मामला सामने नहीं आया है।

अब 11 मार्च को 10वीं कक्षा की विज्ञान विषय की परीक्षा होगी। इससे पहले पांच मार्च हुई 10वीं कक्षा की एमएचवी म्यूजिक हिंदुस्तानी वोकल विषय की परीक्षा के दौरान उचाना में एक विद्यार्थी नकल करते हुए पकड़ा गया था और उडऩदस्ता टीम द्वारा यूएमसी बनाई गई थी। वहीं तीन मार्च को हुई अंग्रेजी विषय की परीक्षा के दौरान नरवाना में एक युवक दूसरे विद्यार्थी की जगह परीक्षा देते पकड़ा गया था।

लगातार निरीक्षण

बोर्ड की तरफ से नियुक्त किए गए नोडल अधिकारी रवींद्र ने बताया कि पिल्लूखेड़ा के एक सेंटर पर ड्यूटी में लापरवाही बरतने पर एक सुपरवाइजर को रिलीव किया गया है। जबकि विद्यार्थियों की परीक्षा नकल रहित रही है। उडऩदस्ता टीम लगातार केंद्रों का निरीक्षण कर रही है।

बराड़ा: पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया

- उद्यमिता विकास किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने निभाता है अहम भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

संत मोहन सिंह खालसा लबाना गर्ल्स कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा /"उद्यमिता विकास/" विषय पर पीपीटी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन कोऑर्डिनेटर डॉ. रितु चांदना व कन्वीनर रितु अरोड़ा की देखरेख में किया गया। प्रतियोगिता में एम.कॉम की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से उद्यमिता की प्रेरणादायक कहानियों, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा सरकार द्वारा उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं पर प्रकाश डाला। कॉलेज प्राचार्या डॉ. इंदु विज ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि उद्यमिता विकास किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और रोजगार के नए अवसर सृजित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह आर्थिक प्रगति के इंजन के रूप में कार्य करता है और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का सशक्त माध्यम है। प्रतियोगिता में निकिता ने प्रथम स्थान, कोमल ने द्वितीय स्थान और रेनू ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेताओं को सम्मानित करते हुए प्रिंसीपल व अन्य।

सरकार के आदेश जारी

राजेश बने मंत्री के सचिव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पंचकूला

राजेश कुमार हरियाणा सिविल सचिवालय में मंत्री सचिव के पद पर पदोन्नत*चंडीगढ़, 7 मार्च हरियाणा के राज्यपाल के आदेशानुसार, हरियाणा सिविल सचिवालय के राजेश कुमार को मंत्री सचिव के पद पर पदोन्नति दी गई है।

हरियाणा सरकार ने शुक्रवार को तत्काल प्रभाव से उनके प्रमोशन के आदेश जारी किए। श्री राजेश कुमार ने 8 अगस्त 1995 को सरकारी सेवा में प्रवेश किया था और वर्तमान में वे मुख्यमंत्री के ओएसडी श्री वीरेन्द्र सिंह के निजी सचिव (PS) के रूप में कार्यरत हैं। इससे पहले, वे 2019 से 2024 तक हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री श्री दुष्यंत चौटाला और 2014 से 2018 तक मुख्यमंत्री के ओएसडी कैप्टन भूपेंद्र सिंह के साथ कार्य कर चुके हैं।श्री कुमार को उनकी जनसेवा के प्रति निष्ठा और समर्पण के लिए जाना जाता है। सचिवालय में वे अपनी मिलनसार और सौम्य मुस्कान के लिए प्रसिद्ध हैं। उनकी इस पदोन्नति से प्रशासनिक सेवा में नई ऊर्जा का संचार होगा।

जरूरत के समय एक-दूसरे की मदद करें

- बच्चों को नहर से निकालने वाली महिलाओं को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीसी प्रीति ने गत माह एक स्कूल बस के हांसी-बुटाना नहर में गिरने के हादसे में बच्चों को नहर से निकालने वाली तीन महिलाओं को महिला दिवस के उपलक्ष्य में सम्मानित किया। उन्हें प्रशस्ति पत्र व एक कंबल देकर प्रोत्साहित किया। डीसी ने तीनों महिलाओं की सराहना की।डीसी ने तीन महिलाओं का आभार जताते हुए कहा कि बच्चों को बचाने में महिला होते हुए उन्होंने जो हिम्मत दिखाई है, वह काबिले तारीफ है। संकट के समय बच्चों को मदद मिलने पर उन्हें समय पर अस्पताल पहुंचाया जा सका।

कैथल। डीसी प्रीति नौच के निकट नहर में गिरी बस से बच्चों को बचाने वाली महिलाओं को सम्मानित करते हुए। *फोटो :हरिभूमि*

कैथल: जन औषधि दिवस मनाया

कैथल। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र वाल्मीकि चौक नियर हिंद सिनेमा पर जन औषधि दिवस मनाया गया। इसका संचालन दुकान के मालिक पंकज नारंग ने किया और लोगों से अपील की कि हमारे यहां अच्छी क्वालिटी की दवाइयां बहुत ही कम रेट पर उपलब्ध है। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे वार्ड नंबर 26 के पार्षद वीरेंद्र बत्रा और उनके साथ सतपाल भारद्वाज और संजय सचदेवा व शिवम ने शिरकत की और इन सब ने लोगों से अपील की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई गई हर प्रदेश में जन औषधि केंद्र की दुकानों पर हर प्रकार की जेनेरिक उच्च क्वालिटी की दवाइयां बहुत ही कम रेट पर मिलती हैं।

ट्रैफिक नियमों का सख्ती से पालन करें

- डीसी ने यातायात पुलिस को विशेष रूप से चालान मशीन उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लघु सचिवालय परिसर में आने वाले वाहन चालकों को नियमों का पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वालों के चालान किए जाएंगे। डीसी प्रीति ने यातायात पुलिस कर्मचारियों को सख्त कार्रवाई करने के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही सड़क सुरक्षा फंड से एक चालान मशीन खरीद कर देने के भी निर्देश दिए हैं। विदित रहे कि डीसी प्रीति ने पिछले माह लघु सचिवालय परिसर में बिना हेलमेट के आने वाले वाहन चालकों, नियमों का उल्लंघन करके लघु सचिवालय में आने वाले कर्मचारियों व कार में बिना सीट बेल्ट व अन्य नियमों का उल्लंघन करने वालों की पहचान करके आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए थे। संबंधित कर्मचारियों की सूची बनाकर यातायात पुलिस कर्मचारियों को डीसी कार्यालय को अवगत करवाने के निर्देश जारी किए गए थे।

कार्यक्रम डीएवी कॉलेज ने कांवला-जंडली गांव में लगाया एनएसएस शिविर

युवा राष्ट्र का भविष्य और उन पर देश व समाज के विकास की नैतिक जिम्मेदारी

पांच गुणों को धारण करने से हर बच्चे का सुधर सकता है जीवन: डॉ. परमार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज के एनएसएस यूनिट द्वारा गांव कांवला, जंडली के राजकीय वमावि में एनएसएस शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दूसरे दिन शिविर की शुरुआत योग आसन से करवाई गई जिसमें एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर व मैथ्स की अध्यापिका प्रोफेसर खुशबू मल्होत्रा ने छात्रों को विभिन्न तरह के योग आसन करवाए व योग आसन से होने वाले लाभों की जानकारी दी। तत्पश्चात स्कूल प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें कॉलेज प्राचार्य राजीव महाजन , उप-प्राचार्य डॉ आरएस. परमार , एनएसएस प्रोगाम ऑफिसर्स डॉ. प्रियंका चौधरी , स्कूल के शिक्षकों अमित छबड़ा, मल्लिका व नीतू ने मिलकर पौधारोपण किया। इस दौरान 50 पौधों को रोपित किया गया। उप-प्राचार्य डॉ. आरएस परमार ने बच्चों को राष्ट्र निर्माण में युविकाओं की भूमिका पर व्याख्यान दिया जिसमें उन्होंने बच्चों को लक्ष्य प्राप्ति, कर्तव्य बौद्धिता व एकाग्रता जैसे गुणों को विकसित करने पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि युवा ही राष्ट्र का भविष्य है और उन पर देश व समाज के विकास की नैतिक जिम्मेवारी है। उन्होंने सटीक उदाहरणों से छात्रों को देश के प्रति अपनी जिम्मेवारियों को समझने के लिए उत्साहित किया। शिव जो मोटिवेशनल स्पीकर है उन्होंने भी बच्चों को अपने जीवन में पांच गुणों को धारण करने के लिए कहा जिससे उनका भविष्य सुधर सकता है और साथ में उनके परिवार भी ऊपर ऊंचाइयों तक जा सकता है। अपने देश को आगे ले जाने के लिए उन्होंने जो जो गुण बताएं वह पांच गुण हैं- पर्यावरण संरक्षण,परिवार प्रबोधन, सामाजिक समरसता, नागरिक कर्तव्य बोध और स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करना।

इसके बाद शिव ने बच्चों को अपना व्यवसाय खोलने के लिए भी विभिन्न प्रकार के उपायों से अवगत करवाया और अंत में उन्होंने बच्चों के निर्णय लेने की क्षमता को जांचने के लिए प्रतियोगिता का भी आयोजन करवाया जिसमें उन्होंने सभी बच्चों को दो टीम से विभाजित किया और संख्या बनाने की कला पर जोर दिया।

अंबाला। एनएसएस शिविर के दौरान छात्र व पौधारोपण करते डॉ. आरएस परमार । फोटो : हरिभूमि

कैथल। महिला थाना प्रभारी वीपा को सम्मानित करते पदाधिकारी।

दुर्गा शक्ति एप के बारे दी जानकारी

कैथल। समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करने के एसपी राजेश कालिया के निदेर्शानुसार चलाई जा रही मुहिम तहत महिला थाना एसएचओ एसआई वीना द्वारा आईजी कालेज कैथल में छात्राओं को महिला विरुद्ध अपराधों, डायल 112, ट्रिप मॉनिटरिंग सिस्टम और दुर्गा शक्ति ऐप के संबंध में जागरूक किया गया। पुलिस प्रवक्ता प्रवीन श्योकंद ने बताया कि इस दौरान महिला एसएचओ द्वारा जानकारी दी गई कि आज महिलाओं के खिलाफ छेड़खानी, बलात्कार, यौन उत्पीड़न, घरेलू हिंसा, दहेज हत्या और महिला तस्करी इत्यादि अपराध हो रहे हैं, जिनसे महिलाओं की सुरक्षा के लिए बहुत से कानून तो बनाए ही गए हैं, इनके साथ-साथ मुसीबत में फंसी महिलाओं की तुरंत सहायता के लिए दूर्गा शक्ति ऐप व दूर्गा शक्ति फोर्स भी तैयार की गई है।

एक दिवसीय शिविर का आयोजन

जुलाना। जुलाना कस्बे के शहीद मेजर संजीव लाठर राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मेरे भारत के लिए युवा विषय पर एक दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य डिजिटल इंडिया की अवधारणा को समझना और युवाओं की इसमें भूमिका पर चर्चा करना था। कार्यक्रम अधिकारी डा. निशु गुप्ता ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि एनएसएस केवल एक सेवा कार्यक्रम नहीं बल्कि व्यक्तित्व विकास और सामाजिक उत्तरदायित्व की दिशा में एक सशक्त मंच है। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज में डिजिटल जागरूकता और सेवा भाव से जुड़े कार्यों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित किया।